




नवभारत
भोपाल, सोमवार 01 जून, 2026


## एक नजर में

### राव भाट समाज का छात्र समारोह 7 मई को

**ब्यावरा 31 मई, का.** राव भाट समाज युवा मोर्चा कार्यकारिणी द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी समाज के हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए छात्र प्रोत्साहन समारोह का आयोजन करने जा रहा है. यह आयोजन आगामी 7 मई को पचोर के बड़ा शिवालय मंदिर परिसर में किया जाएगा. समारोह में पुरस्कार वितरण एवं करियर मार्गदर्शन भी दिया जाएगा. आयोजन समिति ने समाज के सभी विद्यार्थियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है. इस तरह के आयोजन समाज में प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित और संबल प्रदान करेंगे.

### आउटसोर्स कर्मचारियों को अब प्रतिमाह मिलेगी सैलरी स्लिप

**राजगढ़ 31 मई, का.** जिला चिकित्सालय के सभागार में शनिवार को श्रम विभाग द्वारा बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें श्रम विभाग के इंस्पेक्टर श्री मनोज चौहान उपस्थित रहे. इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में विभिन्न ठेका कंपनियों के माध्यम से पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारियों को शासन की विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी दी. साथ ही कर्मचारियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया. श्रम इंस्पेक्टर ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री मानधन पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अधिक से अधिक कर्मचारियों को इस योजना से जुड़ने की बात कही. साथ ही उन्होंने बताया कि अब आउटसोर्स कर्मचारियों को प्रत्येक माह सैलरी स्लिप उपलब्ध कराई जाएगी. उन्हें समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा. वहीं ज्वाइनिंग लेटर भी कर्मचारियों को संबंधित ठेका कंपनियों द्वारा शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा. बैठक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को उनके अधिकारों और उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था. बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने भी संबोधित करते हुए कर्मचारियों के हित में अपनी बात रखी. इस अवसर पर आर.एम.ओ डॉ. अमित कोली सहित बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी मौजूद थे.

### डूब क्षेत्रों में जागरुकता बैठकों के निर्देश

**राजगढ़ 31 मई, का.** आगामी वर्षाकाल एवं संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि जिले के ऐसे सभी पुल, पुलिया एवं रपटे जहां वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति बनती है, वहां पूर्व से ही बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. साथ ही पुल- पुलियों पर आवश्यकतानुसार ड्यूटी लगाने एवं इसके संबंध में टीएल बैठक में आदेश प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने निर्देश दिए कि संवेदनशील पुल-पुलियों एवं जलभराव वाले स्थलों पर 24 घंटे ड्यूटी सुनिश्चित की जाए. उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को कहा कि सभी विद्यालयों को ऐसे क्षेत्रों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए जहां वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति बनती है तथा स्कूल बस संचालकों को चेतावनी दी जाए कि जलमग्न मार्गों या पुल-पुलियों को पार करने का प्रयास न करें.

# जल संकट : खाली घड़ों के साथ हाईवे पर धरना दिया

## मोहनपुरा से 3 किमी दूर ग्राम कलालपुरा की महिलाओं ने जल संकट के विरोध में आक्रोशित होकर चक्काजाम किया

**ग्राम कलालपुरा के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर हाईवे पर धरना दिया**

**महिलाएं बच्चों और खाली बर्तनों के साथ हाईवे बैठीं, कहा- पीने का पानी 5 किमी दूर से लाते हैं**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 31 मई, का. नेवज नदी पर करोड़ों की लागत से बनने वाले मोहनपुरा सागर के बिल्कुल नजदीक बसे गांव के लोग प्यासे है. पानी की समस्या से परेशान होने के बाद बच्चे, महिलाएं और युवा हाईवे पर राजगढ़ और ब्यावरा के बीच धरने पर बैठ गए.**

**महिलाएं मिट्टी के खाली घड़ों को लेकर हाईवे पर अपने बच्चों के साथ बैठ गई और विभाग को कोसते हुए अपनी समस्या बताई. महिलाओं ने बताया कि वे रोजाना करीब 5 किमी दूर से पीने का पानी लेकर आती है तब जाकर उनके बच्चों के लिए खाना बन पाता. आक्रोशित महिलाओं ने कहा कि जहां हम रहते हैं वहां अधिकारी आए गए लेकिन पानी का इंतेजाम नहीं हो पाया.**

जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह के समय राजगढ़ और ब्यावरा के बीच पीपलबे जोड़ के पास कलालपुरा गांव के ग्रामीण हाईवे पर धरना देने लगे. इस दौरान दोनों ओर से हाईवे जाम कर दिया गया. दोनों ओर यात्री बस, कारें और अन्य वाहन खड़े गए. काफी हंगामा इस दौरान हुआ.

### अवार्ड और पीठ थपथपा ली लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और

मामले को लेकर पिछले दिनों शासन स्तर पर जो रिपोर्ट भेजी गई उसमें 24 घंटे जलापूर्ति करने का दावा किया गया था. उसके बाद जल निगम, जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को अवार्ड दिए गए. उनकी पीठ थपथपाई गई और फोटो सेशन भी हो गए. लेकिन यदि वह दावा सही था तो गांव की ये महिलाएं जो अपना काम छोड़कर हाईवे पर बैठी है वह गलत हैं या सही.

**फिर 24 घंटे आपूर्ति का दावा कैसे कर दिया-** जिले में जल जीवन मिशन के माध्यम से बांधों के द्वारा 24 घंटे शत प्रतिशत गांवों में जलापूर्ति का दावा किया जा चुका है. इसे लेकर प्रशासन अपने ही स्तर पर आयोजन कर एक दूसरे को बधाई और अवार्ड भी बांट चुका है. लेकिन हकीकत तब नजर आती है जब कलालपुरा जैसे गांव के ग्रामीण हाईवे पर खाली घड़ों को लेकर पहुंच जाते है. ऐसे में 24 घंटे जलापूर्ति का दावा कितना सशक्त है यह समझा जा सकता है.

### टीम पहुंची दुरुस्त करने



इधर मामले की जानकारी मिलने पर जलजीवन मिशन के इंचार्ज रवि पाटीदार, एलएण्डटी कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे. वहां पाया गया कि कलालपुरा सप्लाई के बीच कुछ लोगों ने अवैध कनेक्शन किए है. जिसके कारण पानी कलालपुरा तक नहीं पहुंच पा रहा है. उन्हें हटाते हुए सप्लाई को दुरूस्त किया गया है. वहीं ग्रामीणों से बात कर उन्हें समझा दिया गया है.

**जलजीवन मिशन को करना है पेयजल आपूर्ति**

मोहनपुरा बांध के बिल्कुल समीप लगे गांव कलालपुरा में भी जलजीवन मिशन के द्वारा पेयजल आपूर्ति की जानी है. लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि यहां पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है. आश्चर्यजनक बात यह है कि मोहनपुरा बांध के बिल्कुल समीप के गांव के लोगों को पेयजल के लिए हाईवे पर धरना देना पड़ रहा है. इस मामले में कलेक्टर और जिपं सीईओ को समीक्षा बैठकों से इतर मैदानी स्तर पर गंभीरता से विचार करना चाहिए.

### 5 किमी दूर से ला रही हूं पीने का पानी

धरने पर बैठी गांव की एक महिला ने कहा कि इन दिनों वह 5 किमी दूर पानी लेने जाने को मजबूर है. गांव में पीने का पानी नहीं मिल रहा है. भीषण गर्मी ने गांव के बचे हुए कुंए और ट्यूबवेल भी सुखा दिए. अधिकारियों से कई बार शिकायत की है लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है. जलजीवन मिशन से जुड़े लोगों से इस बारे में बात करना चाही लेकिन वे सम्पर्क विहीन हर बार की तरह नजर आए. महिलाएं धरने पर अपने साथ छोटे बच्चों, पानी के खाली बर्तन लेकर पहुंची. महिलाओं ने बताया कि गांव में हैण्डपंप भी चालू नहीं है.



### श्रमोदय मॉडल आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ

**राजगढ़ 31 मई, का.** श्रमोदय मॉडल आईटीआई, भोपाल में नवीन सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार आधारित प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को रोजगारपरक एवं उद्योग आधारित तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. संस्थान की ओर से विद्यार्थियों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनमें जॉब गारंटी एवं प्लेसमेंट सहायता, निःशुल्क छात्रावास सुविधा, निःशुल्क यूनिफॉर्म तथा निःशुल्क अध्ययन सामग्री शामिल हैं. प्रशिक्षण अधिकारी श्रमोदय मॉडल आईटीआई द्वारा बताया गया कि प्रवेश केवल मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत हितग्राहियों के बालक एवं बालिका को दिया जाएगा. आईटीआई की विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश लेकर विद्यार्थी अपने उज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा सकते हैं. प्रवेश, ट्रेड, पात्रता एवं अन्य जानकारी के संबंध में संस्थान के प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा 3 एवं 4 जून, को जीरापुर एवं नरसिंहगढ़ में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के मार्गदर्शन हेतु जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी.

## बांके बिहारी की देख छटा..!



**नवभारत न्यूज ब्यावरा 31 मई, का.** नगर के अतिप्राचीन प्रसिद्ध श्री बिहारीजी मंदिर पर इन दिनों विभिन्न उत्सव पुरषोत्तम मास के अंतर्गत जारी है. इस बार क्योंकि 2 ज्येष्ठ मास होने के चलते श्रद्धालु विभिन्न प्रकार के श्रृंगार उत्सव आदि भगवान श्री कृष्ण के स्वरूपों में शामिल बिहारीजी के मंदिर पर कर रहे है. इसी क्रम में रविवार को शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया. इस दौरान भगवान को चंद्रमा की सफेद रोशनी की तरह दूधिया वस्त्रों, मोगरे के सुंदर हार और पार्श्व में पूर्ण चंद्रमा की आकृति दिखाई गई है. दर्शन करने वालों के मुख से सहसा ही निकल पड़ता है कि बांके बिहारी की देख छटा.... आगे आप सुधि पाठक गीत पूरा करें.

### बद्रीलाल कुशवाह पटेल दिवंगत

**नवभारत न्यूज, छापीहेड़ा 31 मई, सं.** नगर के वयोवृद्ध बद्रीलाल



कुशवाह पटेल का 90 वर्ष की आयु में गत दिवस निधन हो गया. बद्रीलाल पटेल धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे. नगर के सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में वे हमेशा आगे रहे. वे नगर परिषद के जलशाखा प्रभारी गोवर्धन कुशवाह के पिताश्री थे. उनकी अंतिम संस्कार नलखेड़ा रोड़ स्थित मुक्तिधाम पर किया गया. अंतिम यात्रा में परिवारजनों, समाजजनों, मिलने जुलने वालों ने शामिल होगा दिवंगत आत्मा का श्रद्धांजलि अर्पित की.

## परिस्थितियां जैसी भी हों, मुस्कराते रहो जो होगा देखा जाएगा

### पुरषोत्तम मास में शिवकथा के दौरान कथा वाचक अंशु नागर के उद्‌गार

नवभारत न्यूज

**छापीहेडा 31 मई, सं.** नगर के भील मोहल्ला में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर चल रही तीन दिवसीय शिव कथा के दूसरे दिन में भागवत पुष्प पंडित आशु नागर ने शिव की महिमा का वर्णन करते हुए बताया की दुनिया में ऐसा कोई विवाह नहीं हुआ जैसा मेरे भोलेनाथ का हुआ.

शंकर लोक देवता है राम हमारी पृथ्वी की मर्यादा है श्री कृष्ण हमारी पृथ्वी का रस है और शंकर इस पृथ्वी का मंगल है उनके माध्यम से ही मंगल संभव है. जो



भस्म को भी पवित्र कर दे जो शमशान को जीवंत कर दे वह शंकर है. जिसे समाज और दुनिया ठुकरा दे उस त्यागे हुए को अपना कर उसको गुणों की खान कर दे वह शंकर है. इसलिए उसे सत्यम शिवम सुंदरम कहते हैं.

शमशान से बढ़कर कोई खराब जगह है ही नहीं लेकिन अगर कोई मसान में भी होली खेल सकता है तो वह केवल शंकर है. जिनके हृदय में स्वयं राम विराजित हो जो राम नाम की माला हर घड़ी जपता रहता है वहीं शकंर है. शिव भक्त कथा लाभ ले रहे हैं. पूरे नगर में भक्ति का माहौल है. अंत में शिव की आरती महाप्रसाद जी वितरित की गई.

### ग्रामीण अंचलों में डेढ़ करोड़ के विकास की सौगात

**राजगढ़ 31 मई, का.** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा में लगभग 1 करोड़ 51 लाख रुपए की लागत से निर्मित दो सीसी रोडों का लोकार्पण किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है. सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, पेयजल और अन्य आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से किए जा रहे विकास कार्य प्रदेश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं. श्री पंवार ने जल संरक्षण की जिम्मेदारी की बात कही. वर्तमान समय में बढ़ते तापमान और बदलते जलवायु परिदृश्य को देखते हुए जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देना आवश्यक है. लोकार्पण कार्यक्रम से पूर्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने ग्राम बरखेड़ा में ब्यावरा मंडल के बूथ क्रमांक 102 पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के साथ प्रधानमंत्रीके कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण किया. गर्मियों में पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, शरीर को हाइड्रेट रखने, अत्यधिक गर्मी और लू से बचाव के उपाय अपनाने तथा शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने भी सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी गर्मी से बचाव के प्रति जागरूक करें.



## समान नागरिक संहिता लैंगिक अधिकार सुरक्षित करेगी

### यूसीसी विषय पर गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 31 मई, का.** मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में सुझाव एवं विचार प्राप्त करने हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक रविवार को जिला पंचायत सभागृह में आयोजित की गई. देश में अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों के बजाय सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक कानून होना चाहिए. उनके अनुसार यूसीसी का उद्देश्य कानून के समक्ष समानता, महिलाओं को समान अधिकार और लैंगिक न्याय सुनिश्चित करना है. बैठक को संबोधित करते हुए प्रोफेसर गोपाल शर्मा ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जैसे महत्वपूर्ण विषय पर समाज के सभी वर्गों एवं आमजन की राय लेना तथा उसे विधिवत दर्ज करना अत्यंत आवश्यक है.

सुझावों एवं मतों को संकलित कर उन्हें नीति निर्माण की प्रक्रिया में शामिल करना है. भारतीय संविधान के नीति निदेशक तत्वों के अंतर्गत अनुच्छेद 44 में इसका उल्लेख किया गया है. इस अवसर पर राज्यमंत्री मत्स्य विभाग नारायण सिंह पंवार, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, जिपं सीईओ इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे. बैठक को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि समान नागरिक संहिता वर्तमान समय की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि एक देश, एक कानून की भावना को मजबूत करने के लिए समान नागरिक संहिता महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकती है. अंत में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गठित उच्चस्तरीय समिति एवं शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि किसी कानून के क्रियान्वयन से पूर्व व्यापक जनपरामर्श की यह प्रक्रिया अत्यंत सराहनीय है.

**अर्थसंकट** ▶ **प्रदेश का एकमात्र जिला जहां सैकड़ों स्वास्थ्यकर्मियों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन**

# आज पहली तारीख, नहीं मिला वेतन तो होगी हड़ताल

**डीडीओ पावर के बीच फंसा वेतन, कोषालय भी बेबस**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 31 मई, का. आज 1 तारीख है. प्रदेश के लगभग जिलो में स्वास्थ्य कर्मियों को आज वेतन खातों में मिल जाएगा. लेकिन राजगढ़ जिला उससे अलग है. यहां आज वेतन शायद नहीं मिल पाएगा. कारण आधिकारिक रूप से सीएमएचओ को डीडीओ पावर तय नहीं है.**

सीएमएचओ शोभा पटेल लोकायुक्त द्वारा ट्रैप होने के बाद न्यायालय से स्टे लेकर वापस राजगढ़ लौटी है. वे सीएमएचओ हैं लेकिन शासन के निर्देशों के अनुसार उन्हें डीडीओ यानी वेतन आहरण संबंधी आदेश के अधिकार नहीं है. ऐसे में केवल सीएमएचओ ही वेतन जारी करने के लिए कोषालय को हरी झण्डी दे सकती है. इसी फेर में सैंकड़ों स्वास्थ्य कर्मचारियों का वेतन उलझा पड़ा है.

उल्लेखनीय है कि जिले के स्वास्थ्यकर्मियों ने शुक्रवार को तीन महीने से वेतन नहीं मिलने की बात प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था. जिसमें कहा गया था कि पिछले दिनों भी मांग की जाने पर उनके वेतन को लेकर कोई हल नहीं निकाला गया है. इसलिए वे अब सोमवार के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे. मामले में जिला प्रशासन जल्द इसका हल निकालने की बात कही है. वहीं स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी मांग पर अड़े है.




**17 अप्रैल से इस तरह चला घटनाक्रम**

- 17 अप्रैल को सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल को लोकायुक्त ने कथित तौर पर रिश्वत मामले में ट्रेप किया.
- 22 अप्रैल को उन पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया.
- 27 अप्रैल को डॉ शोभा पटेल का ट्रांसफर शाजापुर किया गया.
- 30 अप्रैल को जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एलपी भकोरिया को कलेक्टर द्वारा प्रभारी सीएमएचओ का चार्ज दिया.
- 05 मई को लोकायुक्त कार्यवाही पर हाईकोर्ट ने डॉ पटेल को स्टे देते हुए पुन: राजगढ़ भेजा.
- 09 मई को डॉ भकोरिया से चार्ज वापस लिया गया.

### आज 1 तारीख, वेतन पर संकट बरकरार

आज महीने की पहली तारीख है. वेतन स्वास्थ्यकर्मियों के खातों में यदि नहीं आता है तो वे कल यानी मंगलवार से हड़ताल पर चले जाएंगे. उनके हड़ताल पर जाने से जिले में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित होंगी. वहीं संविदा स्वास्थ्यकर्मियों में अधिकांश एएनएम है. वे पूरे स्वास्थ्य महकमे में करीब 60 प्रतिशत से ज्यादा दायित्वों को इस समय संभालती है. ओटी से लेकर पैथॉलोजी, ब्लड सेंटर, वार्ड, पेंशेंट केयरिंग जैसे काम उन्हीं के भरोसे है. ऐसे में यदि केवल संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी ही हड़ताल कर देते हैं तो बड़ी काम प्रभावित हो जाएगा.